उत्तर प्रदेश शासन
प्रशासनिक सुधार अनुभाग–2
संख्याः–सू0अ0–19 / 43–2–2025
लखनऊः दिनांक 06 फरवरी, 2025

**पीठासीन अधिकारी,**
**सुनवाई कक्ष–1, उत्तर प्रदेश सूचना आयोग,**
**गोमती नगर, लखनऊ।**

कृपया अपील संख्या–एस–1–0086 / ए / 2025 श्री योगी एम0पी0 सिंह बनाम जन सूचना अधिकारी, कार्यालय प्रमुख सचिव,प्रशासनिक सुधार विभाग विषयक वाद में निर्गत नोटिस दिनांक 04.02.2025 के द्वारा निर्धारित अग्रिम सुनवाई तिथि 19.02.2025 में आवेदक के आवेदन पत्र का निस्तारण कर सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक पीठासीन अधिकारी, उ0प्र0 सूचना आयोग के पत्र दिनांक 04.02.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2– इस संबंध में अवगत कराना है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आर0टी0आई0 डी0पी0टी0ए0आर0 / आर0 / 2024 / 60109 दिनांक–11.11.2024 का उत्तर आनलाइन दिनांक–18.11.2024(छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से एवं आनलाइन प्राप्त प्रथम अपीलीय पत्र डी0पी0टी0ए0आर0 / आर0 / 2024 / 60026 दिनांक–18.11.2024 का निस्तारण दिनांक–21.01.2025(छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से कर दिया गया है एवं कार्यालय द्वारा प्रेषित उक्त सूचना के कम में आवेदक द्वारा अद्यतन दिनांक 06–02–2025 तक कोई आपत्ति पत्र उपलब्ध नही कराया गया हैं। उक्त से स्पष्ट हैं कि प्रकरण में प्रशासनिक सुधार अनुभाग–2 के स्तर से कोई कार्यवाही लम्बित नही हैं।

अतः अनुरोध है कि कृपया उपरिवर्णित तथ्यों के आलोक में अपील संख्या –एस–1–0086 / ए / 2025 को निस्तारित मानते हुये प्रकरण को निक्षेपित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त

(एकता पाण्डेय)
प्रभारी,जनसूचनाअधिकारी / अनुभाग अधिकारी

**संख्या– सू0अ0–19(1) / 43–2–2023 एवं तद्‌दिनांक**
**प्रतिलिपि–** श्री योगी एम0पी0 सिंह पता–सुरेकापुरम कॉलोनी जबलपुर रोड मिर्जापुर सिटी जनपद–मिर्जापुर उ0प्र0को उक्त नोटिस के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

(एकता पाण्डेय)
प्रभारी,जनसूचनाअधिकारी / अनुभाग अधिकारी

उत्तर प्रदेश सूचना आयोग

7/7 ए, आर0टी0आई0 भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

अपील संख्या एस–01/0086/ए/2025

| अपीलकर्ता/शिकायतकर्ता | प्रतिवादी |
| --- | --- |
| श्री योगी एमपी सिंह | जनसूचना अधिकारी कार्यालय प्रशासनिक सुधार विभाग, उ0प्र0 लखनऊ। |
| समक्ष : डा0 राजकुमार विश्वकर्मा, मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त। | |

पत्रावली प्रस्तुत हुई। पुकार करायी गई। उभयपक्ष अनुपस्थित है।

| धारा | मांगी गई सूचना |
| --- | --- |
| 6(1) | **1- Content of this site is provided by Administrative Reforms Department, Government of UP software maintained and refurbished by NIC UP.**<br>**2- Please Provide the information regarding the sending of user ID and password to the nodal officers of Uttar Pradesh Human Rights Commission and Nick Uttar Pradesh.** |

पत्रावली का अवलोकन किया गया और पाया गया कि पत्रावली पर आयोग को सम्बोधित प्रभारी जनसूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी, प्रशासनिक सुधार अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन का पत्र दिनांक 06.02.2025 संलग्न है, जो कि आयोग को ई–मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि आवेदक को पूर्व में सूचना प्रेषित की जा चुकी है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि आवेदक द्वारा अद्यतन दिनांक 06.02.2025 तक कोई आपत्ति पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है।

आयोग द्वारा भी संज्ञान लिया गया कि आवेदक द्वारा उक्त सूचना के कम में अभी तक न ही कोई आपत्ति दी गयी है और न ही वह आज आयोग के समक्ष उपस्थित हुए। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक को सूचनाएं प्राप्त हो गयी है और वह प्राप्त सूचना से संतुष्ट है।

**आदेश**

पत्रावली में उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षणोपरांत आयोग का मत है कि प्रश्नगत अपील में संबंधित जनसूचना अधिकारी द्वारा आवेदक को वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सूचना उपलब्ध करायी जा चुकी है, जिससे आयोग संतुष्ट है। तद्नुसार प्रश्नगत अपील में किसी अग्रिम कार्यवाही की कोई आवश्यकता न होते हुए प्रश्नगत अपील निस्तारित की जाती है एवं प्रकरण निक्षेपित किया जाता है।

**पत्रावली दाखिल दफ्तर की जाए।**

19–02–2025

अंकित